Title: Need to protect water of Sai River on Pratapgarh, U.P. from pollution caused by adjoining factories.

डा. रामविलास वेदान्ती (प्रतापगढ़): सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सई नदी बहती है। रायबरेली में स्थित चीनी कारखाने तथा चमड़े के कारखाने का विषैला पानी लगातार इस नदी में गिर रहा है। इसके कारण नदी का जल इतना प्रदूषित हो गया है कि मछलियां तथा अन्य जल जन्तु समाप्त हो चुके हैं। यदि जानवर उक्त नदी का पानी पी लेते हैं तो मर जाते हैं। वे अनेक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। वहां का वातावरण अत्यन्त दूषित हो गया है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस नदी के तटवर्ती गांवों में जो इंडिया मार्का-२ हैंड पंप लगाए गए हैं, उनमें भी अब प्रदूषित पानी निकलने लगा है। लोगों पर इस पानी का बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिए अविलम्ब सई नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए शीघ्र उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि समय से पूर्व लोगों तथा जानवरों को महामारी से बचाया जा सके।